भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

नई दिल्ली, 20 जनवरी: भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने कहा की काँग्रेस का चिंतन शिविर "खोदा पहाड़ निकली चुहिया" साबित हुआ है।

श्री नक़वी ने कहा की देश के सामने काँग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा खड़ी की गई गंभीर चुनौतियों पर खामोशी, महंगाई पर मौन, घोटालों, भ्रष्टाचार पर चुप्पी, इस बैठक का संदेश है। यह काँग्रेस का चिंतन नहीं युवराज की परिक्रमा परेड थी।

श्री नक़वी ने कहा की श्रीमति सोनिया गांधी एवं श्री राहुल गांधी के नेतृत्व वाली काँग्रेस की "डिफ़ाल्टर-डिफ़ेम-डिसट्रक्टिव (विश्वासघाती-बदनाम-नाकारी) केंद्र सरकार का नाकाम "डैमेज कंट्रोल ड्राइव" है। महंगाई कम करने का सौ दिन का वादा किया था, महंगाई बेतहाशा बढ़ी, रोजगार का वादा किया था, बेरोजगारी बढ़ी, आर्थिक उदारवाद, आर्थिक उधारवाद में बदल गया"। सत्ता के दुरुपयोग, सी॰ बी॰ आई॰ का उपयोग विपक्ष को प्रताड़ित और बदनाम करने में किया, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया।

श्री नक़वी ने कहा कि आम लोगों का, देश का आज भी लोकतान्त्रिक, राजनीतिक प्रक्रिया से मोह नहीं भंग हुआ है, बल्कि "करप्शन के कांग्रेसीकरण, के चलते कॉग्रेस की नकारात्मक राजनीति से मोह भंग हुआ है। श्रीमती सोनिया गांधी काँग्रेस और करप्शन के खिलाफ जनाक्रोश को लोकतन्त्र के खिलाफ आक्रोश ना समझे।

श्री नक़वी ने कहा की काँग्रेस ने जनादेश का अपमान किया है, आम लोगो के साथ विश्वासघात किया है, नाकामी-बदनामी की उपलब्धियों के पिटारे के साथ फिर से देश के सामने नए "सपनों के सौदागर" को सामने लाया जा रहा है।

श्री नक़वी ने कहा की काँग्रेस नाकामी के चिंतन के बजाय अपनी सरकार की चौतरफा नाकामी को महिमा-मंडित करती दिखी, दशको तक रही सत्ता में कॉग्रेस अपनी नाकामी का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ती दिखी, विपक्ष की राज्य सरकारों की उपलब्धियों नकारात्मक सोच का प्रदर्शन करती दिखी।

श्री नक़वी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 21 जनवरी को "जन संघर्ष संकल्प रैली" के माध्यम से केंद्र सरकार के खिलाफ एवं उसकी सहयोगी उत्तर प्रदेश सरकार की चौतरफा नाकामी, जनविरोधी कार्यो महंगाई, डीजल, पेट्रोल, गैस, की बेलगाम बढ़ रही कीमतों, बेरोजगारी के खिलाफ, बड़े पैमाने पर देश व्यापी, आंदोलन, अभियान की शुरुआत करेगी।

श्री नक़वी ने बताया की "जन संघर्ष संकल्प रैली" में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन गडकरी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा॰ मुरली मनोहर जोशी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह, श्री कलराज मिश्रा, श्री विनय कटियार, श्री मुख्तार अब्बास नक़वी, प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकान्त वाजपयी, श्री लाल जी टंडन, श्री वरुण गांधी, श्री संतोष गंगवार, श्री योगी आदित्य नाथ, सहित पार्टी के प्रमुख नेता रैली में भाग लेंगे।

(ओ0 पी0 कोहली)
कार्यालय प्रभारी